Title: Need to provide funds for construction of pending irrigation projects in Chatra Parliamentary Constituency.-laid

श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा): झारखंड राज्य की कृषि योग्य भूमि को राष्ट्रीय औसत तक लाने के लिए राज्य के जल संसाधनों के विकास की बहुत आवश्यकता है । राज्य में कई नदियों का प्रवाह होता है फिर भी राज्य सिंचाई के लिए पानी की कमी से जूझता है, जिसका मुख्य कारण यहां के जल संसाधनों का समुचित विकास नहीं हो पाना है । मेरे चतरा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत कई सिंचाई योजनाएं लंबित हैं जो कि निम्न वत हैं:

1. उत्तर कोयल जलाशय परियोजना-इस योजना को अगस्त 2017 में 3 वित्तीय वर्षों में पूरा करने के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी प्रदान की थी । मंडल डैम में गेट लगाने के कार्य के लिए विशेष पैकेज का प्रस्ताव विचाराधीन था, उसे मंजूरी देकर अवरोध को दूर किया जायें । योजना की प्रगति तथा शेष कार्यों को पूरा होने में लगने वाले समय के बारे में जानकारी प्रदान की जाए ।

2. रामघाट सिंचाई योजना तथा मलय जलाशय योजना को मार्च 2022 तक पूरा करने का लक्ष्य था इन योजनाओं की वस्तुस्थिति से अवगत कराया जायें । इन योजनाओं से सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवायी जाए ।

3. अमानत बराज योजना, गोलाई सिंचाई योजना, दुलकी सिंचाई योजना, चाको सिंचाई योजना, पीरी तथा सोनरे सिंचाई योजना तथा घाघरी योजना आदि महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट कई सालों से तैयार हो रही है । इन योजनाओं को पूरा करने के लिए ठोस कार्रवाई की जाए ।

मेरी माननीय जल शक्ति मंत्री जी से मांग है कि किसानों की आय दोगुनी करने के सरकार के सपने को साकार करने के लिए मेरे लोकसभा क्षेत्र की उपरोक्त लंबी सिंचाई परियोजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करवाने के लिए आवश्यक बजट प्रदान करें तथा कार्यों को गति देने के लिए निर्देशित करें ।